तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



11 धमतरी का पैक्स ड्रोन मॉडल बना देशभर में मिसाल





12 विद्यालय पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता ...





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### आईटीआई नगरी सिहावा में प्रवेश शुरू

**नगरी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नगरी-सिहावा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न व्यवसायों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 17 से 24 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संस्थान में कोपा, वेल्डर, मैकेनिक डीजल, फिटर, विद्युतकार एवं सेविंग टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन सीजीआईटीआई डाट एडमिशन डाट नीक डाट इन पोर्टल पर कर सकते हैं।

### स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की बैठक 21 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ कुरूद ब्लॉक की मासिक बैठक 21 जुलाई मंगलवार को दोपहर 12 बजे खेल मैदान कुरूद में रखी गई। बैठक में संघ की रणनीति बनाने के साथ अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। कुरूद ब्लॉक के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

### आईटीआई जीजामगांव में मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल ट्रेड का प्रथम बैच शुरू

**जीजामगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जीजामगांव में सत्र 2026-27 से पहली बार मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल ट्रेड का प्रथम बैच प्रारंभ किया जा रहा है। यह संस्था का भी प्रथम प्रशिक्षण सत्र होगा। मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल एक द्विवर्षीय (2 वर्षीय) पाठ्यक्रम है, जिसमें प्रशिक्षार्थियों को इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक, बैटरी प्रबंधन प्रणाली, मोटर कंट्रोल, चार्जिंग सिस्टम, वाहन सर्विसिंग एवं फॉल्ट डायग्नोसिस संबंधी आधुनिक एवं उद्योग आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह ट्रेड वर्तमान में छग के चुनिंदा 5 शासकीय आईटीआई संस्थानों में ही संचालित हो रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों की निरंतर बढ़ती मांग को देखते हुए आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में प्रशिक्षित तकनीशियनों की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। जिला धमतरी की नोडल संस्था शासकीय आईटीआई कुरूद के प्राचार्य योगेश देवांगन ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 24 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# शॉर्ट सर्किट से डेढ़ एकड़ धान की लहलहाती फसल जलकर हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छग सरकार के किसान हितैषी दावों की पोल खोलता हुआ एक गंभीर मामला धमतरी जिले के ग्राम पचपेड़ी से सामने आया है। यहां एक पीड़ित किसान सरकारी तंत्र की लापरवाही और नियमों के फेर में फंसकर पिछले दो महीने से न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।

मामला भखारा तहसील एवं थाना भखारा के किसान मनीष कुमार साहू का है, जिनकी करीब डेढ़ एकड़ में खड़ी लहलहाती धान की फसल 2 मई 2026 को भीषण आग की भेंट चढ़ गई। इस अग्निकांड में किसान की मेहनत पल भर में जलकर खाक हो गई, जिससे उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

## विभाग ने मुआवजा देने से किया इनकार, दर-दर भटक रहा किसान




### विभाग ने माना शॉर्ट सर्किट, पर पल्ला झाड़ा

इस घटना की सबसे चौंकाने वाली बात बिजली विभाग की जांच रिपोर्ट है। विभाग ने अपनी आधिकारिक जांच में यह स्वीकार किया है कि आग लगने का कारण खेत के बीच से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन थी। 25 जून 2026 को जारी एक पत्र में विभाग ने माना कि पोल के पिन इंसुलेटर में एक चिड़िया के फंसने से शॉर्ट सर्किट हुआ और उसी चिंगारी से फसल में आग भड़की। हादसे की वजह साफ होने के बावजूद बिजली कंपनी ने पीड़ित किसान को मुआवजा देने से साफ इंकार कर दिया है। विभाग का तर्क है कि कंपनी के मौजूदा प्रावधानों और नियमों के तहत ऐसे मामलों में मुआवजे का कोई प्रावधान नहीं है।

### दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर किसान

न्याय की आस में पीड़ित किसान जनदर्शन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और राजस्व से लेकर कृषि विभाग का चक्कर काट रहा है, लेकिन हर जगह से उसे निराशा ही हाथ लगी है। हद तो तब हो गई जब विभाग ने खेत के बीच लगे खतरनाक बिजली पोल को हटाने के लिए उलटा किसान से ही मोटी रकम जमा कराने और सहमति पत्र देने की मांग कर दी। वहीं पीड़ित किसान ने अब शासन से निष्पक्ष जांच कराकर उचित मुआवजे और खेतों के ऊपर से गुजर रहे तारों की सुरक्षा दुरुस्त करने की गुहार लगाई है।

### बारिश आत ही सड़कों पर आ गए मवेशी, धरपकड़ अभियान फेल

# ऐसी कोई सड़क नहीं, जहां पर मवेशियों का आतंक नहीं

**केस 1**

सोरिद पुल के पास रविवार शाम को बड़ी संख्या में मवेशियों का जमावड़ा लगा था। स्थिति ऐसी थी कि वहां पर गाड़ियों का जाम लग रहा था। इसी जगह पर पहले भी कई दुर्घटना हो चुकी है। इसके बाद भी मवेशियों को नहीं हटाया जा रहा है।

**केस 2**

नेशनल हाईवे में बठेना बिजली सब स्टेशन के पास शनिवार की रात दर्जनभर से ज्यादा मवेशी सड़क पर बैठे थे। यहां पर बड़ी संख्या में गाड़ियां रफ्तार के साथ आना-जाना कर रही थीं। रात में सड़क के इस हिस्से में प्रकाश भी काफी कम था।

**केस 3**

ग्राम अर्जुनी में शनिवार रात 8.30 बजे अंधामोड़ के पास, खपरी मोड़ में बड़ी संख्या में मवेशी घूमते नजर आए। यहां पर प्रकाश नहीं के बराबर था। इस वक्त लोग काम से घर लौट रहे थे। रायपुर जाने के लिए शार्टकट होने के कारण कार व ट्रक भी चल रहे थे।

**केस 4**

रविवार को दोपहर 12 बजे निर्मल धरमकांटा के पास सड़क के दोनों ओर मवेशी बैठे थे। यह शहर का व्यस्त मार्ग है। 24 घंटे लोगों का आना-जाना लगा रहता है। मवेशियों के बैठे होने के कारण यहां पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान फेल हो गया है। बारिश शुरू होते ही मवेशी सड़कों पर आ गए हैं। शहर की ऐसी कोई सड़क नहीं है, जहां पर मवेशीराज नहीं चल रहा है। नगर निगम का अमला जितना मवेशी पकड़ता है, दूसरे उससे ज्यादा मवेशी सड़क पर घूमते नजर आते हैं। शहर के अतिरिक्त ग्रामीण इलाकों में भी मवेशियों का आतंक छाया हुआ है। सड़कों पर मवेशीराज के चलते दुर्घटना की संख्या भी बढ़ गई है, जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस भी बेबस है।

बारिश के मौसम में खुले मैदान, खेत, खलिहान, चारागाह, परिया सहित अन्य स्थानों पर पानी भर





गया है। सूखी जगह की तलाश में मवेशी अब सड़कों पर आ गए हैं। हाईवे से लेकर शहर के गली कूचों में इन मवेशियों का जमावड़ा लगा हुआ है। स्थिति इतनी खराब है कि सड़क पर चलना दूभर हो गया है। रात में तो खतरा और भी बढ़ जाता है। लड़ते- झगड़ते मवेशी वाहन चालकों को नुकसान पहुंचाते हैं। ज्यादातर मवेशी डिवाइडर के पास ही बैठ जाते हैं। कार या अन्य वाहन की लाइट में कई बार ये मवेशी नजर नहीं आते हैं और लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। कुछ संस्थानों ने मवेशियों को रिफ्लेक्टर पट्टी पहनाई है, इसके बाद भी बड़ी संख्या में मवेशी हैं, जिनके गले में ये पट्टी नहीं है। आवारा मवेशियों से सिर्फ राहगीर ही नहीं बल्कि किसान भी काफी परेशान हैं। रोका छेका अभियान फ्लाप होने के कारण मवेशी किसानों को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। शहर के आसपास गांवों में तो मवेशियों से फसल को बचाना किसानों के लिए एक चुनौती बन गई है।

### खुले में मवेशी छोड़ रहे पशुपालक

बारिश में सूखे चारे की कमी हो जाती है, जिसके चलते पशुपालक हरा चारा के लिए मवेशियों को खुले में छोड़ देते हैं। इसके अतिरिक्त शहर में बड़ी संख्या में आवारा मवेशी भी विचरण कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शहर से पकड़े गए मवेशियों को अर्जुनी स्थित गोठान में रखा जाता है। नगर निगम के इस गोठान से अब मवेशी गायब हैं। यहां पर पर निर्माणाधीन बस स्टैंड के लिए मटेरियल को रखा गया है। नगर निगम ने मवेशियों की धरपकड़ भी छोड़ दी है।

# ताइक्वांडो की आधुनिक तकनीक, आत्मरक्षा के गुर सीखे

- कुकीवॉन ताइक्वांडो कार्यशाला में प्रदेश सहित अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर के जिम एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 18 एवं 19 जुलाई को दो दिवसीय कुकीवॉन ताइक्वांडो वर्कशॉप-सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन इंडिया दोजांग स्पोर्ट्स ऑर्गनाइजेशन नई दिल्ली एमेच्योर ताइक्वांडो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ रायपुर तथा जिला धमतरी ताइक्वांडो संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया



गया। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से 100 से अधिक खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय कोच मास्टर प्रबन सेकिया एवं रियोन सेकिया खिलाड़ियों को ताइक्वांडो की आधुनिक तकनीकों, आत्मरक्षा कौशल तथा प्रतियोगी स्तर के उन्नत प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। दोनों प्रशिक्षक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण और रजत पदक अर्जित कर चुके हैं। शुभारंभ अवसर पर पूर्व सरपंच राजेश चंद्राकर, प्रमोद शार्दुल, जिला धमतरी ताइक्वांडो संघ के सचिव ओंकार पटेल एवं संतोष निर्मलकर ने दिल्ली से पहुंचे प्रशिक्षकों मास्टर प्रबन सेकिया एवं रियोन सेकिया का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

सेमिनार के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रशिक्षण सत्रों में तकनीकी अभ्यास, अनुशासन, फिटनेस और प्रतियोगी तैयारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है।आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशाला खिलाड़ियों के कौशल विकास के साथ उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## कांग्रेस पार्षद 21 को करेंगे निगम का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी, पट्टा, पेयजल समस्या, रुकी हुई पीएम आवास किस्त, बदहाल सड़कों और बंद स्ट्रीट लाइट के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल 21 जुलाई को निगम का घेराव करेगा।

नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र देवांगन, पार्षद योगेश लाल, पूर्णिमा रजक, सूरज गहरवाल, सुमन मेश्राम, उमा ध्रुव, रामेश्वरी कोसरे ने बताया कि जनहित मुद्दों को लेकर 21 जुलाई मंगलवार को सुबह 11 बजे मकई गार्डन से पदयात्रा निकालकर निगम कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# सहकारी समिति के कर्मचारी रायपुर में आज देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक बार फिर छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं छत्तीसगढ़ धान खरीदी ऑपरेटर महासंघ रायपुर के कर्मचारी 20 जुलाई को रायपुर के तुता में धरना देंगे। इस प्रदर्शन में धमतरी से भी बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल होंगे।

संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर सभी दैनिक, संविदा नियमित कर्मचारी अपनी लंबित चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक बार फिर सोमवार को 12 बजे धरना स्थल तुता में शामिल होंगे। उनकी यह 4 मांगें विगत 8 महीने लंबित हैं। शासन-प्रशासन से मौखिक आश्वासन पर धान खरीदी कार्य को देखते हुए महासंघ ने अनिश्चितकालीन आंदोलन को स्थगित कर दिया था। इसके बावजूद भी मांग पूरी नहीं होने पर कर्मचारी काफी नाराज हैं। कर्मचारियों के आंदोलन से सोसाइटी द्वारा संचालित सभी कार्य बाधित होंगे। यह जानकारी जिला संगठन की ओर से कलेक्टर, उपपंजीयक, नोडल, खाद्य अधिकारी, शाखा प्रबंधक, सोसाइटी अध्यक्षों को दी जा चुकी है।

### वन्य जीव संरक्षण के प्रति रेंजर सुनील कुमार और उनकी टीम ने पेश की मिसाल

# जंगली कुत्तों से घायल चौसिंगा का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जंगली कुत्तों के हमले से घायल चौसिंगा का यूएसटीआर की टीम ने रेस्क्यू किया है। इस रेस्क्यू के साथ वन्य जीव संरक्षण के प्रति रेंजर सुनीलकुमार की प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण सामने आया है। इससे पहले रेंजर सुनीलकुमार ने तत्परता दिखाते हुए भारतीय उड़न गिलहरी तथा सफेद पीठ वाले गिद्ध को भी बचाया था।

यूएसटीआर से मिली जानकारी के मुताबिक गरियाबंद पुलिस के उपनिरीक्षक ने वन विभाग को सूचना दी कि घुरवागुड़ी के समीप जंगली कुत्तों के हमले से एक चौसिंगा घायल हुआ है। सूचना पर इंदागांव बफर परिक्षेत्र के क्षेत्रपाल



सुनीलकुमार सागर ने तत्काल अपनी टीम को सक्रिय किया और घायल चौसिंगा को सुरक्षित बचाया। वन विभाग के पशु चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कराने के बाद चौसिंगा को दिनभर निगरानी में रखा गया। शाम को उत्तर उदंती परिक्षेत्र के चीतल साफ्ट रिलीज एनक्लोजर में स्थानांतरित किया गया। इस सफल रेस्क्यू अभियान ने रेंजर सुनीलकुमार के वन्यजीवों के प्रति समर्पित कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता को दर्शाया है।

उल्लेखनीय है कि श्री सागर और उसकी टीम ने इंदागांव स्थित सीआरपीएफ कैंप की परोली कान्सर्टिना फेसिंग में फंसी एक उड़न गिलहरी का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा था। इसके अतिरिक्त उनकी टीम ने गंभीर रूप से संकटग्रस्त सफेद पीठ वाले गिद्ध को भी बचाया था, जो महाराष्ट्र के ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व से करीब 400 किमी की उड़ान भरकर इंदागांव के कंदासर बीट में अत्याधिक निर्जलित अवस्था में पाया गया था। जीपीएस ट्रांसमीटर से लैस इस गिद्ध को गश्त के दौरान खोजा गया और उपचार के लिए जंगल सफारी नया रायपुर भेजा गया। इस रेस्क्यू अभियान ने राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया था। यह दर्शाता है कि यूएसटीआर संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए महत्वपूर्ण आश्रय स्थल बनता जा रहा है। वन अधिकारियों का कहना है कि लगातार बचाव अभियान वन अमला, पशु चिकित्सकों तथा स्थानीय समुदाय के समन्वित प्रयास का परिणाम है।

### परिवार से बिछड़े शावक चौसिंगा 3.5 माह के हुए



तीन माह पहले धवलपुर रेंज में लगी आग से अपने परिवार से बिछड़े 15 दिन के दो शावकों चौसिंगा का रेस्क्यू किया गया था। इसे उत्तर उदंती के चीतल साफ्ट रिलीज एनक्लोजर में लाया गया। रेंजर ज्योति ध्रुव की देखरेख में शावकों को दूध पिलाकर पाला जा रहा है। ये बच्चे साढ़े तीन माह के हो गए हैं। चौसिंगा के शावक काफी क्यूट नजर आ रहे हैं।

# मानसून में गंगरेल पर्यटकों से गुलजार

- मां अंगारमोती के दरबार में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, वाहनों का लगा रेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मानसून सीजन के साथ गंगरेल का प्राकृतिक एवं धार्मिक पर्यटन गुलजार हो गया है। रविवार को गंगरेल पर्यटन में आटो, कार सहित बड़े वाहनों का रेला लगा रहा। वाटर स्पोर्ट्स में वाटर बाइक और मोटर बोट फर्राटे भरते रहे, वहीं आदिशक्ति मां अंगारमोती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। सावन माह लगने से पहले मन्नत देने वालों की संख्या बढ़ गई है। बारिश का मौसम आते ही गंगरेल पर्यटन अपने शबाब पर है। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के जनरल मैनेजर सुमंत सिंह ने बताया कि गंगरेल पर्यटन सीजन शुरु हो गया है। शासकीय अवकाश के दिनों में कॉटेज, पाली टेंट हाउस की एडवांस बुकिंग हो जाती है। प्रदेश के पर्यटकों के अलावा अंतर्राष्ट्रीय



### सावन माह से पहले मन्नत देने का सिलसिला

रविवार को आदिशक्ति मां अंगारमोती के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे। दर्शनार्थियों की लंबी कतार लगी रही। पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि सावन माह में विशेष मन्नत देने का विधान नहीं है। इस कारण सावन माह से पहले लोग मन्नत देने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

### परियोजना के बांधों में पानी की आवक जीरो

जिले में अब तक 300 मिमी बारिश हो चुकी है, लेकिन महानदी परियोजना के बांधों में पानी की आवक अब भी जीरो है। सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध में 47.16 प्रतिशत, माड़मसिल्ली बांध में 46 प्रतिशत, दुधावा में 72 प्रतिशत तथा सोंढूर बांध में 47 प्रतिशत जलभराव है।

पर्यटकों के लिए गंगरेल आकर्षण का केंद्र बन गया है। रिसोर्ट में रहने, खाने की उच्चस्तरीय सुविधा दी जा रही है। वाटर स्पोर्ट्स के प्रभारी असकंध सिंह ने बताया कि गंगरेल का मिनी गोवा पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध हो चुका है। यहां प्रदेशभर से सैलानी वाटर स्पोर्ट्स के लिए पहुंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### टीएसपी निधि से प्रचार खर्च का आरोप, जांच की मांग

**सांकरा।** आदिवासी उपयोजना की राशि और सरकार द्वारा किए गए प्रचार-प्रसार खर्च को लेकर



आदिवासी कांग्रेस ने गंभीर सवाल उठाए हैं। आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज साक्षी ने विधानसभा में प्रस्तुत जानकारी और सूचना के अधिकार से प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। श्री साक्षी का आरोप है कि 1 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2026 के बीच जनसंपर्क विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार पर करीब 10 अरब 95 करोड़ 20 लाख 36 हजार 698 रुपए खर्च किए गए। इनमें आदिवासी उपयोजना मद से 22 करोड़ 17 लाख 79 हजार 242 रुपए खर्च किए जाने का उल्लेख है। आदिवासी कांग्रेस का कहना है कि टीएसपी मद की राशि का उपयोग आदिवासी समाज और आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए किया जाना चाहिए, न कि सामान्य प्रचार-प्रसार के लिए। उन्होंने विधानसभा में प्रस्तुत जानकारी का हवाला देते हुए दावा किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा करीब 1,976.88 करोड़ रुपए की टीएसपी राशि समर्पित (सरेंडर) की गई।

- विधानसभा और आरटीआई से मिली जानकारी का हवाला देकर साक्षी ने उठाए सवाल

# विद्यार्थियों को मिलेगा तकनीक आधारित गणित का व्यावहारिक ज्ञान

## हाईस्कूल सिलीडीह में डिजिटल गणित प्रयोगशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

शासकीय हाईस्कूल सिलीडीह में विद्यार्थियों को गणित विषय का व्यावहारिक, रोचक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से डिजिटल गणित प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती ज्योत्सना राजपूत ने की। प्राचार्य, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा डिजिटल गणित प्रयोगशाला के पोस्टर का अनावरण कर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ठाकुरराम पाल, उपाध्यक्ष श्रीमती अंगेश्वरी देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता अनिल ध्रुव, शिक्षाविद शोभाराम यादव तथा जनप्रतिनिधि श्रीमती रुचि देवांगन विशेष रूप से




उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपसरपंच रामबिशाल साहू, व्याख्याता एनएम यादव, श्रीमती पीएल साहू कुमारी पूनम यादव समेत अनेक ग्रामीणों ने सहभागिता की।

व्याख्याता भुनेश्वर सिंह ध्रुव ने कहा कि डिजिटल गणित प्रयोगशाला के माध्यम से विद्यार्थी गणितीय अवधारणाओं को केवल पुस्तकीय रूप में न पढ़कर, उन्हें डिजिटल गतिविधियों, प्रोजेक्टर, लैपटॉप, जियोजेब्रा एवं विभिन्न गणितीय मॉडलों की सहायता से समझ सकेंगे। इससे विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता, नवाचार, सृजनात्मकता तथा गणित के प्रति रुचि विकसित होगी। प्रयोगशाला का प्रेरक संदेश सीखें-खोजें- नवाचार करें-सृजन करें विद्यार्थियों को सक्रिय एवं अनुभवात्मक अधिगम के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यालय की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल गणित प्रयोगशाला विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### भारतीय किसान संघ के अभ्यास वर्ग में विशेषज्ञों ने आधुनिक कृषि तकनीक पर दिया मार्गदर्शन

# संगठन के सशक्तीकरण व आधुनिक खेती पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भारतीय किसान संघ जिला धमतरी का एकदिवसीय अभ्यास वर्ग शनिवार को नई मंडी कृषि परिसर कुरूद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को संगठन विस्तार, आधुनिक कृषि तकनीक, जैविक खेती, कीट नियंत्रण और ड्रोन तकनीक सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विशाल चंद्राकर ने ग्राम, तहसील और जिला स्तर पर किसान संगठन को मजबूत करने तथा नियमित मासिक बैठकों के माध्यम से किसानों को संगठित करने पर बल दिया। विशेष अतिथि एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. गौतम राय ने बीज उत्पादन, बीज उपचार, बुआई की वैज्ञानिक पद्धति, पैकेजिंग और विपणन की जानकारी दी।





#### फसलों में कीट नियंत्रण के बताए उपाय

प्रो. पीयूष प्रधान ने आधुनिक कृषि यंत्रों, ड्रोन तकनीक, सरकारी सब्सिडी और कृषि लागत कम करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. विनोद मरकाम ने फसलों में कीट नियंत्रण, सिंचाई प्रबंधन और रोग नियंत्रण के वैज्ञानिक उपाय बताए। पूर्व जिलाध्यक्ष ललित सिंह ने किसानों को रचनात्मक कार्यों के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर जोड़ने, पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। जिला मंत्री दुलार सिंह ने गोपालन एवं अनुसंधान आधारित जैविक खेती पर अपने विचार रखे।

#### आधुनिक खरीदी प्रणाली की दी जानकारी

जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने धान खरीदी, एग्री स्टैक, किसान पंजीयन, खाद की उपलब्धता, किसानों की समस्याओं तथा आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण आंदोलन की रणनीति और आधुनिक खेती में ड्रोन तकनीक के महत्व पर चर्चा की। मंडी सचिव राजू रात्रे ने कुरूद मंडी में कृषि उपज विक्रय व्यवस्था और आधुनिक खरीदी प्रणाली की जानकारी दी।

अभ्यास वर्ग में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष ललित सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सिंधु बैस, महिला प्रमुख श्रीमती पूर्णिमा साहू, तोमन साहू, विनय साहू, हेमेंद्र साहू, ठाकुरराम साहू, राजकुमार चंद्राकर, टीकाराम साहू, शत्रुघ्न साहू सहित जिले के अनेक किसान एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### बिरगुड़ी स्कूल में 37 छात्राओं को मिली साइकिल



**नगरी।** शाउमावि बिरगुड़ी में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा नवमी की पात्र 37 छात्राओं को साइकिल बांटी गई। अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष डाकेंद्र कश्यप, सरपंच अमृतलाल नाग, उपाध्यक्ष अनीता मरकाम, ग्राम समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप, टांगापानी सरपंच यशवंत मंडावी, डोमार साहू, विजय घुड़ैसी, राजेश कश्यप, दुर्गेश समुन्द, करण सेन, नरोत्तम, दीपेश, दिनेश मरकाम, तामेश्वर सोम, राधेश्याम नाग, रामकुमार सरोज, चुम्मन साहू, संगीता ध्रुव सीएचओ, पूर्णिमा कौशल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थे। अतिथियों ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। साइकिल मिलने से छात्राओं को स्कूल आने-जाने में आसानी होगी। इससे छात्रों की नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित होगी। मौके पर संस्था प्रमुख एमएस कुरूं, स्टाफ, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बोरझरा में 100 पौधे रोपकर सुरक्षा का लिया संकल्प



**धमतरी।** परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा के तत्वावधान में ग्राम बोरझरा में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजाति के लगभग 100 पौधे रोपे गए और उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। मौके पर प्रदीप साहू संगठन सचिव प्रदेश साहू संघ, जिला साहू संघ अध्यक्ष गणेश राम साहू, जागृति साहू, अनीता साहू, तहसील साहू संघ भखारा अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, भोलाराम साहू सचिव, सलाहकार गंगा प्रसाद साहू, परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू, संगठन सचिव मुकेश कुमार साहू, सचिव डॉ गिरवर साहू, उपकोषाध्यक्ष डोमार साहू, ग्रामीण साहू समाज बोरझरा अध्यक्ष डोमनलाल साहू, सचिव टम्मन लाल साहू, जनपद सदस्य रेखा साहू, बिहारीलाल साहू, रामेश्वरी साहू उपस्थित थे।

### जलवायु परिवर्तन पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



**धमतरी।** ऋग्वेद एकेडमी में 16 जुलाई से पर्यावरण संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रथम दिन प्रकृति एवं पौधरोपण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता रखी गई। द्वितीय दिन पर्यावरण संरक्षण पर शाला के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई। शाला की प्राचार्य सूर्यप्रभा चेट्टियार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण प्रकृति का महत्वपूर्ण अंग है जिसमें बहुत तेजी से परिवर्तन देखने को मिल रहा है। पहले मौसम अपने निर्धारित समय पर बदलता था लेकिन अब जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम अनिश्चित हो गया है। कभी अत्यधिक गर्मी, कभी असामयिक वर्षा, कभी सूखा तो कभी बाढ़ जैसी प्राकृतिक घटनाएं सामान्य होती जा रही हैं। पर्यावरण में हो रहे इस परिवर्तन का मुख्य कारण बढ़ता प्रदूषण, वनों की कटाई , औद्योगिकरण, शहरीकरण तथा जीवाश्म इंधनों का अत्यधिक उपयोग है। इसके कारण प्रकृति का तापमान लगातार बढ़ रहा है जिसका सीधा प्रभाव मानव जीवन और कृषि, पशु पक्षियों और जैव विविधता पर पड़ रहा है। उन्होंने पालकों एवं विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि इन समस्याओं से बचने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधों का रोपण करना चाहिए। जल और ऊर्जा का संरक्षण करना चाहिए। प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें। प्रकृति के प्रति सजग और जिम्मेदार बनें तभी आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान कर सकेंगे।

- पर्यावरण संरक्षण सप्ताह पर ऋग्वेद एकेडमी के छात्रों ने निकाली रैली

# ग्राम सभा आधारित प्रस्तावों से होंगे विद्यालयों के विकास कार्य

- जनपद पंचायत में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जनपद पंचायत नगरी में विद्यालयों के आधारभूत विकास कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोर्झा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की रूपरेखा, ग्राम सभाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने की प्रक्रिया, विभागीय समन्वय तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि ग्राम सभाओं के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव स्थानीय आवश्यकताओं एवं विद्यालयों की वास्तविक जरूरतों पर आधारित हों, ताकि विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का समुचित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

#### योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन करने के निर्देश

समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं तकनीकी अमले को निर्देशित किया गया कि प्रस्तावों के परीक्षण, तकनीकी स्वीकृति तथा अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करते हुए योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन करें। साथ ही विभागीय समन्वय के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए।

अधिकारियों ने कहा कि जनभागीदारी पर आधारित प्रस्तावों से विकास कार्य अधिक प्रभावी एवं उपयोगी सिद्ध होंगे तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी रोहित बोर्झा, अनुविभागीय अधिकारी (आरईएस) चेतन लाल हिरवानी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल साहू, अतिरिक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश्वरी ध्रुव, प्राचार्य देवेश कुमार सूर्यवंशी, कार्यक्रम अधिकारी वीबीजीआरएएमजी आयुष झा, नगरी विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य तथा जनपद पंचायत के तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

# 15 अगस्त के बाद विश्रामपुरी उपकेंद्र सीधे जामगांव से जुड़ेगा

- बिजली समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि विश्रामपुरी सबस्टेशन पहुंचे, अधिकारियों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

बोराई क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग के एई (सहायक अभियंता) के साथ विश्रामपुरी विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) का निरीक्षण किया।

जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया तथा बिजली आपूर्ति में शीघ्र सुधार की मांग की। इस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वर्तमान में बड़े राजपुर की लाइन को अलग कर केवल विश्रामपुरी क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति दी जा रही है, जिससे



वोल्टेज की स्थिति पहले की तुलना में बेहतर रहेगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

अधिकारियों ने बताया कि 15 अगस्त के बाद जामगांव विद्युत उपकेंद्र का कार्य पूर्ण होने की संभावना है। इसके बाद विश्रामपुरी उपकेंद्र को सीधे जामगांव से जोड़ा जाएगा, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति और अधिक सुचारु एवं स्थिर होने की उम्मीद है। यह भी जानकारी दी गई कि बोराई विद्युत उपकेंद्र का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन इसके पूर्ण होने में अभी कुछ समय लगेगा। विभाग के अनुसार यह उपकेंद्र दीपावली के आसपास तैयार होने की संभावना है। इसके शुरू होने के बाद बोराई एवं आसपास के गांवों में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है ।

#### दूरदर्शी कार्ययोजना और शिक्षकों की मेहनत लाई रंग

# बिरेतरा संकुल केंद्र बना प्रतिभाओं का गढ़, प्रवेश परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने रचा सफलता का इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी


नकुल कुमार


अजय कुमार


सत्यम ठाकुर


मोहित ध्रुव


ऋतुराज ध्रुव


नंदिनी

विकासखंड धमतरी का संकुल केंद्र बिरेतरा लगातार स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग की विभिन्न प्रवेश एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले की पहचान बन रहा है। गत सत्र में नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में नकुल कुमार, अजय कुमार (प्राथमिक शाला बिरेतरा) तथा सत्यम ठाकुर (प्राथमिक शाला धौंराभाठा) का चयन हुआ। एकलव्य विद्यालय में सत्यम ठाकुर, मोहित ध्रुव, ऋतुराज ध्रुव (प्राथमिक शाला धौंराभाठा) तथा कक्षा 11वीं में आशीष नेताम (हायर सेकेंडरी बिरेतरा) का चयन हुआ। जवाहर उत्कर्ष में मोहित ध्रुव और ऋतुराज ध्रुव चयनित हुए, जबकि राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्यता परीक्षा में नंदिनी (माध्यमिक शाला रावनगुड़ा) सफल रहीं। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की कक्षा 11वीं विज्ञान प्रवेश परीक्षा में खिलेश्वरी, मानसी, दीपा रानी, ओजस्वी, हिना और वीणा ने सफलता प्राप्त की। वहीं सीपैट परीक्षा में शामिल सभी आठ विद्यार्थियों को सफलता मिली। संकुल प्राचार्य गेवाराम नेताम ने बताया कि विशेष कोचिंग, नियमित मार्गदर्शन, परीक्षा पैटर्न आधारित तैयारी, निःशुल्क अभ्यास पुस्तिकाओं के वितरण और जनजागरूकता अभियान से यह उपलब्धि संभव हुई है। इस सफलता पर जिलाधीश अबिनाश मिश्रा, डीईओ मधुलिका तिवारी, डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, बीईओ एलडी चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

# जैन ग्रुप ने विद्यार्थियों को वितरित की शैक्षणिक सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

जैन सोशल ग्रुप रायपुर द्वारा ग्राम पंचायत खुरसेंगा स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन, पेंसिल, कम्पास बॉक्स, टाई, बेल्ट, रेनकोट, जूता मोजा, पानी की बोतल, 2 नग दरी, वाटर कूलर एवं 2 नग पेटी सहित अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। इससे बच्चों के चेहरे खिले नजर आए।

इस सेवा कार्य में सपना जैन, शीतल जैन, आरती जैन, मेघना जैन, भावना जैन, जूही जैन, बॉबी बुरड, पवन, विकास धनेश, प्रशांत टिलड़ा, विजय जैन, राजेश लूनियाल, कुणाल कोमन एवं मनीष मेघना ने सहभागिता दी। कार्यक्रम में सरपंच हरिशंकर साहू, उपसरपंच हिरमती साहू, पालकगण अमृत साहू, क्रांति निर्मलकर, रागिनी साहू, माधुरी निर्मलकर, धनेश्वरी साहू, हेमिन निर्मलकर, तारिणी निर्मलकर, उषा साहू, लुकेश्वरी साहू, उषा विश्वकर्मा,परमेश्वर तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इस अवसर पर सरपंच श्री साहू ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समाज की ऐसी सहभागिता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण

# साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे

- सिहावा स्कूल में कक्षा 9वीं की 65 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा में कक्षा 9वीं की 65 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। विशेष रूप से कमार जनजाति के एक छात्र को भी साइकिल प्रदान कर उसे शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रेमलता नागवंशी जनपद सदस्य ने छात्र-छात्राओं को साइकिल की चाबी सौंपते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं का समय बचेगा, आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। विशिष्ट अतिथि सिहावा उपसरपंच सुनील सिहसार, प्रवीण गुप्ता, हलधर शार्दुल, संजय सारथी, संतोष पटेल, लोकेश्वर पटेल एवं बीरेंद्र मनहरे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के शिक्षक वेदराम सेन ने की। उन्होंने छात्राओं को योजना का लाभ उठाकर नियमित अध्ययन करने तथा उच्च शिक्षा की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साइकिल वितरण के दौरान छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और पढ़ाई में और अधिक मन लगेगा।

इस अवसर पर सरस्वती साइकिल योजना प्रभारी पिलेश्वरी साहू, तिलेश्वरी अटल, शिक्षक दुष्यंत पुजारी, हरीश साहू सहित विद्यालयीन स्टाफ, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप




### अब महंगाई राहत के लिए मप्र की अनुमति जरूरी नहीं : देवान

**धमतरी।** छग के लगभग 1 लाख 50 हजार पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों के लिए राहत भरी खबर है।



अब छग सरकार को पेंशनरों को महंगाई राहत (डीआर) देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। दोनों राज्यों के वित्त सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से सहमति बनने के बाद 17 जुलाई को आदेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने बताया कि इससे पहले मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम-2000 की धारा 49(6) के तहत पेंशनरों को देय स्वत्वों के भुगतान के लिए दोनों राज्यों की सहमति आवश्यक थी। इस प्रक्रिया में कई-कई महीने लग जाते थे, जिससे महंगाई राहत के आदेश जारी होने में लगातार विलंब होता था। परिणामस्वरूप छग के लाखों पेंशनर 86 माह की महंगाई राहत से अब तक वंचित हैं। अब दोनों राज्यों के बीच सहमति स्थापित किए जाने से पेंशनरों में नई उम्मीद जागी है। प्रांतीय अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि अब शीघ्र ही 2 प्रतिशत महंगाई राहत सहित 86 माह की लंबित महंगाई राहत का लाभ छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को मिलेगा।

### नगरी तहसील में पानी, शौचालय, पार्किंग की समस्या

**सांकरा।** तहसील कार्यालय नगरी आज बुनियादी सुविधाओं के अभाव में बदहाल है। रोजाना नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम कोर्ट और अन्य जरूरी कामों से पहुंचने वाले हजारों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज साक्षी ने तहसील परिसर की अव्यवस्था को लेकर प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के गांवों से सुबह 10 बजे आने वाले लोग शाम 6 बजे तक लाइन में लगते हैं, लेकिन उनके लिए पीने का पानी, शौचालय और बैठने की व्यवस्था तक नहीं है। तहसील में महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था नहीं है। एकमात्र मूत्रालय महीनों से गंदगी से भरा पड़ा है और पानी न होने के कारण उपयोग लायक नहीं बचा। नियमित सफाई न होने से पूरे परिसर में दुर्गंध फैली रहती है। कार्यालय के सामने वाहन खड़े करने की कोई व्यवस्थित जगह नहीं है। शेड के नीचे और रास्ते में बेतरतीब खड़ी बाइक के कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने एसडीएम कार्यालय के पास खाली जगह पर महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग नए शौचालय बनाने, परिसर में तुरंत आरओ वॉटर कूलर लगाने, वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग शेड , कार्यालय और शौचालय की प्रतिदिन सफाई की जिम्मेदारी तय करने की मांग की।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली कुमारी बाई की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसके पास अपना सुरक्षित और सम्मानजनक घर हो जहां वह निश्चिंत होकर अपने जीवन का प्रत्येक दिन गुजार सके। लेकिन समाज में अनेक ऐसे परिवार हैं जिनके लिए पक्का घर बनाना केवल एक सपना बनकर रह जाता है। आर्थिक अभाव, सामाजिक परिस्थितियां और संसाधनों की कमी उनके जीवन को लगातार कठिन बनाती रहती है। यह कहानी है जिले की धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुजगहन की रहने वाली श्रीमती कुमारी बाई नेताम की जिनका जीवन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से पूरी तरह बदल गया।

कुमारी बाई एक विधवा महिला है। पति के निधन के बाद जीवन की सारी जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आ गई। उनके तीन पुत्र हैं जिनका विवाह हो चुका है। समय के साथ परिस्थितियां ऐसी बनी कि विवाह के बाद उनके पुत्रों ने उनकी देखभाल करना लगभग छोड़ दिया। परिवार के होते हुए भी वे अकेली पड़ गई। ऐसे समय में उनके पास रहने के लिए केवल एक जर्जर कच्चा मकान था जो हर दिन उनके लिए चिंता और भय का कारण बना रहता था।

## सफलता की कहानी : टूटे सपनों से पक्के आशियाने तक का सफर

### बारिश का पानी घर में भर जाता था

वर्षों पुराने उस कच्चे घर की दीवारें कमजोर हो चुकी थी और छप्पर जगह-जगह से टूट चुका था। गर्मी में भीषण गर्म हवाएं, बरसात में टपकती छत और सर्दियों में ठंडी हवाएं सीधे घर के भीतर प्रवेश करती थी। बारिश के दिनों में घर के अंदर पानी भर जाता था जिससे भोजन, कपड़े और जरुरी सामान भीग जाते थे। पक्के घर के अभाव में उन्हें कई बार हीन भावना का सामना करना पड़ता था। इसी दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) उनके जीवन में आशा की नई किरण बनकर आयी। ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया जिसमें कुमारी बाई का भी चयन हुआ। वर्षों से जो सपना अधूरा था वह अब साकार होने लगा।



### लंबे संघर्ष के बाद मिला आशियाना

शासन से प्राप्त आर्थिक सहायता का सदुपयोग करते हुए उन्होंने अपना पक्का और सुरक्षित आवास बनवाया। निर्माण कार्य के दौरान ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों का सहयोग भी उन्हें समय-समय पर प्राप्त हुआ। धीरे-धीरे उनका नया घर तैयार हो गया। जब उन्होंने पहली बार अपने नए पक्के घर में प्रवेश किया तो वह पल उनके जीवन का सबसे भावुक और यादगार क्षण था। लंबे संघर्ष के बाद उन्हें अपना सुरक्षित आशियाना मिल चुका था। वे भावुक होकर कहती हैं कि पहले मुझे हर समय डर लगा रहता था कि कहीं मेरा कच्चा घर टूट न जाए। अब प्रधानमंत्री आवास योजना की वजह से मेरा अपना पक्का घर बन गया है।

## सीएससी स्थापना दिवस पर मिला राष्ट्रीय सम्मान

# धमतरी का पैक्स ड्रोन मॉडल बना देशभर में मिसाल

- कोलकाता में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में जिपं सीईओ ने किया मॉडल का प्रस्तुतिकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





जिले में विकसित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति आधारित ड्रोन कृषि सेवा मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण पहचान मिली है। कोलकाता में आयोजित कॉमन सर्विस सेंटर ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के 17वें स्थापना दिवस समारोह में धमतरी के इस नवाचार को ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीक आधारित कृषि सेवाओं के प्रभावी विस्तार तथा किसानों तक आधुनिक सुविधाएं पहुंचाने वाले अनुकरणीय मॉडल के रूप में सराहा गया।

कार्यक्रम अंतर्गत बेहतर कृषि सेवाओं की उपलब्धता के लिए पैक्स का सशक्तिकरण विषय पर आयोजित पैनल चर्चा (कृषि) में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने जिले के इस नवाचार और भविष्य की कार्ययोजना को विस्तार से प्रस्तुत किया।

इस चर्चा में पार्थ बसु विशेष रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार, डॉ. शंकर गोयनका प्रबंध निदेशक वॉव गो ग्रीन ड्रोन, मनोज वार्ष्णेय प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी इफको एमसी एग्रोकेमिकल्स, सुभाष कुमार झा प्रमुख बिक्री एवं विपणन, कोरोमंडल बायो, साहिल गर्ग प्रबंध निदेशक रमन एग्रो, विकास प्रमाणिक मेहनती किसान एसकेयूएस लिमिटेड पश्चिम बंगाल पैक्स प्रतिनिधि तथा सुदीप खान मुख्य कार्यपालन अधिकारी कृषिमाया फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एफपीओ प्रतिनिधि ने भी अपने विचार रखे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में पिछले माह कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने तथा किसानों को वैज्ञानिक एवं उन्नत खेती से जोड़ने की दिशा में जिला धमतरी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की थी। जिले की 10 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में ड्रोन स्प्रेयर सुविधा प्रारंभ की गई, जिसके साथ धमतरी देश का पहला जिला बना, जहां सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को ड्रोन आधारित कृषि सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### 10 समितियों में ड्रोन तकनीक से तरल उर्वरकों का छिड़काव

श्री नाहटा ने बताया कि धमतरी में पैक्स समितियों को केवल सहकारी संस्थाओं तक सीमित न रखकर उन्हें ग्रामीण वन स्टॉप एग्रीकल्चर सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां किसानों को आधुनिक तकनीक, डिजिटल सेवाएं तथा शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। जिले की 10 पैक्स समितियों के माध्यम से वर्तमान में ड्रोन तकनीक से तरल उर्वरकों का छिड़काव किया जा रहा है।

# नेतृत्व, संगठन, अनुशासन और सेवा भावना पर मिला विशेष मार्गदर्शन

## कुर्सियांग में राष्ट्रीय स्तरीय स्काउट्स बेसिक कमिश्नर कोर्स सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशन में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के कुर्सियांग में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय स्काउट्स बेसिक कमिश्नर कोर्स सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में धमतरी जिले से मुख्य जिला आयुक्त चेतन हिंदूजा, जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू, मुख्यालय आयुक्त नंद किशोर साहू, डीपेन्द्र साहू, राकेश साहू तथा देवेश अग्रवाल ने सहभागिता कर जिले का गौरव बढ़ाया।

प्रशिक्षण का संचालन शिविर संचालक अशोक देशमुख, पूनम साहू एवं सरिता पांडे ने किया। इस दौरान प्रदेश राज्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों ने स्काउट-गाइड के इतिहास, उद्देश्य, सिद्धांत, मूल्य आधारित आधारभूत तत्व, ओआईएमएस, नियम, प्रतिज्ञा, मोटो, नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक संरचना, निरीक्षण कार्य, वित्त एवं धन संग्रह, व्यवहार विश्लेषण तथा वर्तमान समय में स्काउट-गाइड की भूमिका पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। विभिन्न विषयों को प्रोजेक्ट के माध्यम से भी समझाया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नेताजी सुभाषचंद्र बोस संग्रहालय सहित स्काउट-गाइड आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण भी कराया गया। अंतिम दिन आयोजित परीक्षा में धमतरी के सभी सात पदाधिकारी सफल रहे और उन्हें बेसिक कमिश्नर का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

इस उपलब्धि पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी तथा जिला स्काउट-गाइड संघ के पदाधिकारियों, स्काउटर्स एवं गाइडर्स ने हर्ष जताया है।

### आगामी एडवांस कमिश्नर कोर्स गोवा में होगा

जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भावना को जिले के प्रत्येक स्कूल एवं ब्लॉक तक पहुंचाया जाएगा। मुख्य जिला आयुक्त चेतन हिंदूजा ने कहा कि प्राप्त ज्ञान का उपयोग जिले में स्काउट-गाइड इकाइयों के विस्तार, शिविरों के आयोजन तथा बच्चों में अनुशासन और सेवा भावना विकसित करने में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी एडवांस कमिश्नर कोर्स गोवा में आयोजित किया जाएगा।

# आगामी योजनाओं, वित्तीय स्थिति, सदस्यता शुल्क पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स की प्रथम जनरल मीटिंग में 18 सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक में चार्टर्ड प्रेसिडेंट लायन सीए अजय पारेख ने भी अपने विचार रखे। सत्र 2026-27 की आगामी योजनाओं, क्लब की वित्तीय स्थिति, सदस्यता शुल्क तथा सेवा गतिविधियों पर चर्चा की गई। कोषाध्यक्ष ने जानकारी दी कि वर्तमान में क्लब में 43 सक्रिय सदस्य हैं, जिनमें से 4 सदस्यों द्वारा सदस्यता शुल्क का भुगतान किया जा चुका है। इस सत्र के लिए रेगुलर सदस्य का वार्षिक शुल्क 7,000 तथा नए सदस्य का शुल्क 11,000 रूपये निर्धारित है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जुलाई माह के दौरान जिन सदस्यों द्वारा सदस्यता शुल्क का भुगतान कर दिया जाएगा, उन्हें आगामी जनरल मीटिंग में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। मीटिंग में क्लब अध्यक्ष लायन शकुंतला साहू, क्लब सचिव ज्योति लुनिया, ट्रेजरर अंजुला सोनी, एडमिनिस्ट्रेटर एमजेएफ मनोज सोनी, एसडी नानकानी, अजय पारेख, विजय अग्रवाल, प्रदीप गोलछा, दिलावर रोकड़िया, मुरली अंदानी, हजिंदर छाबड़ा, पूजा साहू, रंजना साहू, राजकुमार वरदयानी, अमर साहू, अमरनाथ गुप्ता, आकाश कटारिया उपस्थित थे।

## सरस्वती साइकिल योजना के तहत 72 छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल

# शिक्षा से ही सशक्त होगा भविष्य : विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



पीएमश्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा 9वीं के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के कुल 72 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा थे। अध्यक्षता नगर पंचायत के सभापति अश्विनी निषाद ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद, देवचरण ध्रुव, हेमलाल सेन, खेमेन्द्र साहू, माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष हुलास राम सोनवानी, पालक सदस्य यामिनी साहू एवं हेमलता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुआ, जिसके पश्चात पात्र विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं।

मुख्य अतिथि श्री बोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती साइकिल योजना केवल साइकिल वितरण की योजना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम है। आज के समय में शिक्षा ही सबसे बड़ी ताकत है और शिक्षित युवा ही समाज एवं राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव रखते हैं। राज्य सरकार विद्यार्थियों की शिक्षा को आसान और सुलभ बनाने के लिए लगातार जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है। साइकिल मिलने से दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों का समय बचेगा, उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और वे पूरी लगन के साथ अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी के साथ अध्ययन कर अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

अश्विनी निषाद ने कहा कि सरकार की यह योजना शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रही है। आर्थिक या दूरी जैसी कोई भी बाधा अब विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुकावट नहीं बननी चाहिए। साइकिल मिलने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा शिक्षा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाकर निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

प्राचार्य एसके प्रजापति ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाना विद्यालय की प्राथमिकता है। कार्यक्रम का संचालन सुमन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता आरएल सोनी, डीपी ताम्रकार, आकांक्षा लाल, भानुप्रिया साहू, मोनिका सिन्हा, खेमराज साहू सहित शालेय स्टाफ, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जमा राशि की मांग को लेकर दिल्ली में होगा प्रदर्शन

# 31 जुलाई को संसद घेराव में शामिल होंगे नगरी ब्लॉक के निवेशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी ब्लॉक के चिटफंड निवेशक 31 जुलाई को नई दिल्ली में प्रस्तावित संसद घेराव और प्रदर्शन में शामिल होकर जमा राशि की वापसी की मांग उठाएंगे। निवेशकों का कहना है कि अनियमित जमा योजनाओं में फंसी उनकी पूंजी वर्षों से वापस नहीं मिली है। उनका आरोप है कि अनियमित जमा पाबंदी योजना ( बड्स एक्ट ) 2019 के प्रावधानों को राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया, जिसके कारण प्रभावित परिवारों को अब तक राहत नहीं मिल सकी है।

निवेशकों के अनुसार, पूरे छत्तीसगढ़ में लगभग 20 लाख परिवार चिटफंड कंपनियों में निवेश कर ठगी का शिकार हुए हैं। इनमें नगरी ब्लॉक के 41,218 निवेशक परिवार शामिल बताए गए हैं। उनका दावा है कि इन परिवारों की करीब 86 करोड़ 60 लाख 51 हजार 942 रुपये की राशि विभिन्न कंपनियों में फंसी हुई है। प्रदर्शन के माध्यम से निवेशक तहसील स्तर पर भुगतान काउंटर खोलने तथा कानून के अनुसार जमा राशि लौटाने की मांग करेंगे।

वर्षों से आंदोलन के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन निवेशकों का कहना है कि वर्ष 2015 से अब तक वे कई बार शासन-प्रशासन को आवेदन और ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसके अलावा शांतिपूर्ण रैली, धरना, जेल भरो आंदोलन, धमतरी से रायपुर तथा रायगढ़ से रायपुर तक पदयात्रा जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। 26 नवंबर 2025 को नगरी के कर्राघाटी चौक में चक्काजाम कर भी अपनी मांग उठाई गई थी।

निवेशकों का कहना है कि 16 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने बड्स एक्ट 2019 के प्रावधानों के पालन को लेकर राज्य सरकार को निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अब तक कानून के अनुरूप भुगतान प्रक्रिया शुरू नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है। 31 जुलाई को दिल्ली में आयोजित संसद घेराव कार्यक्रम में नगरी ब्लॉक के निवेशक भी बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी जमा राशि वापस दिलाने की मांग करेंगे।

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मुजगहन स्कूल की 14 छात्राओं को लगा एचपीवी टीका

**धमतरी।** किशोरियों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुजगहन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछोटी की स्वास्थ्य टीम द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान 14 छात्राओं का एचपीवी टीकाकरण किया गया। टीकाकरण से पूर्व लगातार दो दिन तक विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को एचपीवी संक्रमण, इससे होने वाली गंभीर बीमारियों तथा टीकाकरण के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। डॉ. उमेश्वरी ध्रुव, एआर मरकाम, सुनीता चंद्राकर सुपरवाइजर, अंबिका, हेमलता बघेल, नरेश, नलिनी एवं गोविंद कश्यप सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्राओं का टीकाकरण किया तथा उन्हें टीकाकरण से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं सावधानियों से अवगत कराया। मौके पर प्राचार्या मोनिका गोस्वामी, परविंदर कौर गिल, जोगमाया देवांगन, जयंती साहू, प्रतिमा नागवंशी समेत शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### देमार में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन



- लोकेश अध्यक्ष व गोपीकृष्ण उपाध्यक्ष बने

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। प्रभारी शिक्षक बीआर सिन्हा ने विद्यालय की उपलब्धियां बताई। प्राचार्य डीएन साहू ने कहा कि छग शासन ने समिति गठन की प्रक्रिया में परिवर्तन किया है ताकि इसका लाभ विद्यार्थियों और विद्यालय को मिल सके। बहुमत के आधार पर लोकेश सोनवानी को अध्यक्ष चुना गया। गोपीकृष्ण साहू उपाध्यक्ष बने। स्थानीय प्राधिकरण के निर्वाचित सदस्य के रूप में सरपंच विमलेश मीनपाल एवं उपसरपंच श्रीमती परमेश्वरी साहू मनोनीत हुए। चयनित सदस्यों में महेश पटेल, राजकुमार चेलक, कमलदास मानिकपुरी, सत्यनारायण यादव, चंद्रहास यादव, चुम्मनलाल साहू, देवनारायण साहू, पंकज कुमार, बसंत परदेसी मीनपाल, त्रिवेणी यादव, हेमा साहू, पद्मिनी साहू, लता पटेल, सेवती कुंभकार, टुकेश्वरी कुंभकार, मीरा साहू और संहिता साहू शामिल हैं। स्थानीय शिक्षा विशेषज्ञ केआर साहू और श्रीमती रीना साहू मनोनीत हुए। शिक्षिका प्रतिनिधि गीता साहू बनीं।

### कुण्डेल में शाला प्रबंधन विकास समिति गठित

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डेल (मधुबन) में नवीन शाला प्रबंधन विकास समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष राजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलावन ध्रुव, सचिव प्राचार्य संतोष साहू, व्याख्याता खिलेश्वरी बनपेला, ममता साहू, शिक्षाविद पवन सेन, विषय विशेषज्ञ रीना कश्यप, महिला सदस्य सुलोचना साहू, लीना बाई, चमेली वर्मा, रामेश्वरी साहू, हेमलता निषाद बनाए गए। सदस्यों में हेमंत ध्रुव, खेमूराम यादव, गिरिराज निषाद, रूपराम वर्मा, भीमेन्द्र साहू, हिरेश साहू एवं योगेश साहू शामिल हैं।

वीबी जी-राम-जी अभिसरण से विद्यालयों में होने वाले विकास कार्यों की हुई समीक्षा

# विद्यालय पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता का केंद्र बने : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिले में गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वीबी जी-राम-जी के अभिसरण से विद्यालयों एवं छात्रावासों में किए जाने वाले अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा की गई ।



बैठक में प्राचार्यों द्वारा अपने-अपने विद्यालयों के विकास संबंधी प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण किया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी अभिसरण करते हुए ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिनसे अधिकतम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण एवं बेहतर आधारभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे अपने विद्यालयों की वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन कर विकास कार्यों के सुव्यवस्थित एवं व्यवहारिक प्रस्ताव तैयार करें और संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जनपद पंचायत को शीघ्र प्रेषित करें।

#### अधोसंरचना का बेहतर उपयोग हो

कलेक्टर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे विद्यालय परिसरों की पहचान की जाए, जहां प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय एक ही परिसर में संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन समेकित शिक्षा परिसरों का योजनाबद्ध विकास किए जाने से अधोसंरचना का बेहतर उपयोग होगा, संसाधनों का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित होगा तथा विद्यार्थियों को एकीकृत एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

#### जिलेभर में होगा व्यापक पौधरोपण

बैठक में जिलेभर में व्यापक पौधरोपण अभियान संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता का भी केंद्र बने। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका शर्मा, सभी प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# छात्र जैव विविधता संरक्षण और अनुसंधान से जुड़ें

- जैव विविधता अनुसंधान पर कुरूद महाविद्यालय में हुआ अभिमुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड के साथ जैव विविधता अनुसंधान एवं अवसर विषय पर एक अभिमुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. नीतू हरमुख वैज्ञानिक छग राज्य जैव विविधता बोर्ड थीं।




डा. हरमुख ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध वन संपदा तथा पक्षियों, सरीसृपों, उभयचरों एवं अन्य वन्यजीवों की विविधता और उनमें उपलब्ध अनुसंधान की अपार संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मानव, वन्यजीव संघर्ष, जलवायु परिवर्तन, संरक्षण, आनुवंशिकी, आक्रामक विदेशी प्रजातियों तथा आधारभूत अनुसंधान के महत्व पर चर्चा की। जैव विविधता आधारित उद्यमिता एवं इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अनुसंधान एवं संरक्षण गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के जैव विविधता प्रयोगशाला क्षेत्र का भ्रमण किया, जहां उन्हें जैव विविधता संवर्धन, पौधरोपण तकनीकों तथा परिसर में जैव विविधता को समृद्ध बनाने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी प्रदान की गई।

प्रभारी प्राचार्य डा. आरके पाण्डेय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुसंधान की अभिरुचि विकसित करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा. एचएन टंडन के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान विभाग की तरफ से डा. हरमुख को गौरैया संरक्षण के लिए मोहन साहू द्वारा बनाए गए मिट्टी के घोंसले भेंट किए गए।

# सिर्फ निर्माण नहीं, प्रकृति के साथ विकास की नई सोच को आगे बढ़ाएं : सार्वा

हकीकत जानने कुरूद विखं के गांवों में पहुंचे जिपं अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने विकासखंड कुरुद के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर पौधरोपण, ग्रामीण अधोसंरचना, अमृत सरोवर, नर्सरी, प्रशिक्षण केंद्रों एवं खेल मैदानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए जनप्रतिनिधियों को निरंतर जनहित में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

दौरे के दौरान उन्होंने ग्राम नवागांव में सरपंच संघ अध्यक्ष टिकेश साहू द्वारा मुख्य मार्ग से ग्राम पहुंच मार्ग तक लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में किए गए पौधरोपण कार्य को देखा। यहां लगभग 200 पौधों का रोपण किया गया है, जिनमें नीम, कदम, बादाम, लक्ष्मी तरु सहित अन्य प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। गांव के तालाब किनारे सुंदर हरित क्षेत्र विकसित कर बैठने की आकर्षक व्यवस्था भी की गई है। शासकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में विकसित सुंदर गार्डन एवं हरियाली ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

#### नारी में माटीकला प्रशिक्षण केंद्र का लिया जायजा

ग्राम गोजी में सरपंच जयमित्र साहू एवं पंचगणों द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत किया गया। यहां गांव में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी गई। गांव के दोनों ओर सड़क किनारे किए गए पौधरोपण को देखकर अध्यक्ष ने इसे अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणादायक मॉडल बताया। ग्राम नारी में जिला पंचायत अध्यक्ष ने माटीकला प्रशिक्षण केंद्र एवं बुनकर प्रोडक्शन केंद्र का निरीक्षण कर स्थानीय रोजगार एवं स्वरोजगार गतिविधियों की जानकारी ली। सिरसिदा में पौधरोपण कार्य एवं शासकीय उद्यान रोपणी गाड़ाडीह का निरीक्षण कर नर्सरी में तैयार किए जा रहे पौधों की जानकारी प्राप्त की।

#### कन्हारपुरी में अमृत सरोवर देखा



श्री सार्वा ने ग्राम मंदरौद स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम का निरीक्षण किया, जिसका निर्माण जनभागीदारी से युवा पक्षी एवं पर्यावरण प्रेमी मोहन साहू के नेतृत्व में कराया गया है। इस अवसर पर मोहन साहू ने जिला पंचायत अध्यक्ष को पक्षी संरक्षण हेतु तैयार किए गए कृत्रिम आशियाना (नेस्ट) भेंट किए। ग्राम कन्हारपुरी में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के कार्यों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष टिकेश साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### सामूहिक प्रयास से होगा गांवों का विकास

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली, जल संरक्षण, स्वरोजगार एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए किए जा रहे प्रयास आने वाले समय में गांवों को आत्मनिर्भर एवं आदर्श ग्राम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### रावनगुड़ा में जगन्नाथ की पूजा



**सिर्री।** ग्राम रावनगुड़ा में भगवान जगन्नाथ की पूजा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुई। पूजा में ग्रामीणों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर राजेश साहू, नरेश साहू, दशरथ साहू, आकाश साहू, नवीनप्रकाश साहू, चंदन साहू, खुमेन्द्र साहू, मोकेन्द्र साहू, विजय यादव, परमेश्वर यादव, जनक यादव, गणेश यादव सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने भगवान जगन्नाथ के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### वीएचएसएनसी के सदस्यों ने वृद्धजनों को छड़ी दी




**सिर्री।** ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों ने ग्राम बिरेझर में वृद्धजनों का सम्मान किय । ग्राम पंचायत बिरेझर में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति मितानिन कार्यक्रम के तहत 18 जुलाई को बैठक आयोजित की गई। मितानिनों एवं मितानिन प्रशिक्षकों द्वारा मौसमी बीमारी दस्त, उल्टी, मलेरिया से बचाव उपचार एवं सांप बिच्छू काटने पर बरतने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। मौके पर 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों को छड़ी भेंट की गई जिनमें छेदनराम साहू, दीनूराम साहू, जनकराम साहू, बुधारु राम साहू, थामसिंग, बरातू राम, अगनू राम, जीवराखन, प्रवीण देवांगन, बुधंतीन, हेमिन,बिसरी शामिल हैं। मौके पर मितानिन कार्यक्रम की ब्लॉक समन्वयक पुष्पलता साहू, मितानिन प्रशिक्षिका दुलारी देवांगन, मितानिन रमशीला, कौशल्या, निर्मला साहू एवं समिति की सदस्य मुन्नी साहू, गिरिजा साहू, संतोषी, सुलोचना, भुनेश्वरी विश्वकर्मा, मोनिका, धर्मिन, मनीषा, कुमारी भारती, राधा, गणेशिया, द्रौपदी, बहुरी, प्रमिला, पंच तमेश्वर विश्वकर्मा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा शामिल रही।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में छात्र संघ का गठन

# विद्यार्थियों ने ली गोपनीयता व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏩अंवरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में छात्र संघ का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हुआ। छात्र संघ चुनाव का आयोजन चुनाव अधिकारी जे. ध्रुव, जागेश्वर, बीरेंद्र निषाद, आर.के. बघेल, स्वाति साहू एवं सोनल अग्रवाल की देखरेख में हुआ। संस्था प्रमुख एमआर मनहर ने रिटर्निंग अधिकारी की भूमिका निभाई।



चुनाव के दौरान शालानायक, उपशाला नायक, अनुशासन प्रभारी, क्रीड़ा प्रभारी, सांस्कृतिक प्रभारी, इको क्लब प्रभारी तथा कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के कक्षा नायकों का चयन किया गया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सत्यम, शिवम, सुंदरम एवं मधुरम हाउस में विभाजित किया गया। इन चारों हाउस के मध्य वर्षभर खेल, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक हाउस के लिए हाउस लीडर एवं वाइस लीडर का भी निर्वाचन किया गया।

शाला नायक के रूप में नोमेश कुमार (कक्षा 12वीं), उपशाला नायक शौर्य (कक्षा 11वीं), अनुशासन प्रभारी मारिया (कक्षा 12वीं), क्रीड़ा प्रभारी टुकेश्वर (कक्षा 10वीं), इको क्लब प्रभारी शैलेन्द्र कुमार तथा सांस्कृतिक प्रभारी प्राची (कक्षा 12वीं) का चयन हुआ। कक्षा नायक के रूप में कक्षा 9वीं से देवप्रकाश, कक्षा 10वीं से नोमिका, कक्षा 11वीं से लोकेश कुमार तथा कक्षा 12वीं से रवीना साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर प्राचार्य श्री मनहर ने नवगठित छात्र संघ के पदाधिकारियों को विद्यालय के अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करने का संदेश दिया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गोपनीयता एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता आर.के. बघेल, आर.के. टंडन, एच.के. साहू, के.के. वर्मा, बी.के. निषाद, जे.के. साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डी.के. साहू, एस. अग्रवाल, जे. ध्रुव, एस. साहू, एल. सोन, एम. ठाकुर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे
कर्मा चौक, धमतरी, मो.नं. 98264-32896

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2026
काल सर्प दोष निवारण
यज्ञ अनुष्ठान
16/17 अगस्त 2026, शुक्रवार
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक के आचार्य पं. शिवा प्रसाद चतुर्वेदी एवं पं. कार्तिक शास्त्री के सानिध्य में विद्वान पंडितों के द्वारा काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
संपर्क करें
99931-57703, 98278-32481
98935-70664, 98271-88577

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है?
तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार।
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा)
कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026-27
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
DCA PGDCA BCA
SCHOLARSHIP WITH 100% RESULT
OLD DAJI MARATHI SCHOOL
MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
पुराना दाजी मराठी स्कूल, मराठापारा, धमतरी (छ.ग.)
Contact : 8450022865, 9203522865
9203622865, 9203722865

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020